आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 29.04.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- पौड़ी और टिहरी जिलों में स्तन कैंसर की शुरुआती पहचान के लिए आधुनिक तकनीक आधारित स्क्रीनिंग शिविर लगाए जाएंगे।
- अवैध प्लॉटिंग और अवैध निर्माण के खिलाफ मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण की सख्ती जारी। देहरादून के मेहुवाला क्षेत्र में 10 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी ध्वस्त।
- टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने संवेदनशील मार्गों पर सुरक्षा बढ़ाने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए संबंधित विभागों को कड़े निर्देश दिए।
- पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने धारचूला स्थित रं संग्रहालय का भ्रमण कर सांस्कृतिक विरासत संरक्षण पर विशेष जोर दिया।

**स्तन कैंसर शिविर**

प्रदेश में महिलाओं के स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की दिशा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने अहम पहल करते हुए पौड़ी और टिहरी जिलों में स्तन कैंसर की शुरुआती पहचान के लिए आधुनिक तकनीक आधारित स्क्रीनिंग शिविर शुरू किए हैं। इन शिविरों का आयोजन सप्ताह में दो बार किया जाएगा, जिससे खासकर पहाड़ी और दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं को घर के नजदीक जांच और उपचार की सुविधा मिल सकेगी। स्क्रीनिंग के दौरान संदिग्ध पाए गए मामलों को तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सकों के पास रैफर किया जाएगा, जिससे समय रहते उपचार शुरू हो सके। प्रत्येक एनसीडी क्लीनिक में एक चिकित्सा अधिकारी और एक स्टाफ नर्स को शिविर संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही, सभी स्क्रीनिंग से संबंधित डेटा एनसीडी पोर्टल पर दर्ज कर प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव सचिन कुर्वे ने बताया कि राज्य सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक से दूरस्थ क्षेत्रों तक जांच सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं, जिससे समय पर स्तन कैंसर की पहचान और उपचार संभव होगा। उन्होंने सभी जिलों को इस अभियान को गंभीरता से लागू करने और अधिक से अधिक महिलाओं को इससे जोड़ने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखंड के मिशन निदेशक मनुज गोयल ने कहा कि यह कार्यक्रम राज्य में कैंसर नियंत्रण के प्रयासों को मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि नियमित स्क्रीनिंग शिविरों के जरिए अधिक से अधिक महिलाओं की जांच संभव होगी और संदिग्ध मामलों की समय पर पहचान सुनिश्चित की जा सकेगी।

**अवैध प्लॉटिंग**

मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण की ओर से प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग और अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में प्राधिकरण ने लगातार मिल रही शिकायतों के बाद देहरादून के मेहुवाला क्षेत्र में 10 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से कॉलोनियां विकसित करना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे आम नागरिकों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। कई बार लोग बिना जांच–पड़ताल के ऐसे प्लॉट खरीद लेते हैं, जिससे भविष्य में उन्हें कानूनी और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण ने अवैध प्लॉटिंग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए क्षेत्रवार टीमों का गठन कर निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया है। ये टीमें लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं और अवैध गतिविधियां मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

**राज्यस्तरीय स्नातक परीक्षा**

आगामी 17 मई को प्रस्तावित स्नातक स्तरीय परीक्षा को लेकर चम्पावत जिला सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष जी.एस. मर्तोलिया की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में परीक्षा को निष्पक्ष, नकल विहीन संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि पारदर्शी और नकलविहीन परीक्षाएं ही बेहतर प्रशासन की आधारशिला है, जिससे योग्य और प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों का चयन सुनिश्चित किया जा सकता है। बैठक में आयोग द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए नई मानक संचालन प्रक्रिया के तहत सुरक्षा, पारदर्शिता और निगरानी के कड़े प्रावधानो के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। श्री मर्तोलिया ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सभी कक्षों में जैमर लगाए जाएंगे, जिससे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के दुरुपयोग पर पूर्ण रोक लग सके। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक अभ्यर्थी की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ ही चेकिंग भी अनिवार्य की गई है।

**सड़क सुरक्षा**

टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने संवेदनशील मार्गों पर सुरक्षा बढ़ाने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए संबंधित विभागों को कड़े निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने चंबा, कुंजापुरी और देवप्रयाग क्षेत्रों में हाल ही में हुए सड़क हादसों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने चंबा–उत्तरकाशी मार्ग के सभी संवेदनशील स्थलों पर भूस्खलन उपचार कार्य तेज करने और मशीनों की तैनाती सुनिश्चित करने के साथ ही मशीनों की सूची संबंधित विभागों के साथ साझा करने के निर्देश दिए।

**रं संग्रहालय**

पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने सीमांत क्षेत्र धारचूला स्थित रं संग्रहालय का भ्रमण कर वहां पारंपरिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व की वस्तुओं को देखा और उनके संरक्षण व संवर्धन की दिशा में आवश्यक पहल पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों और संग्रहालय से जुड़े सदस्यों से संवाद करते हुए संग्रहालय में संरक्षित वस्तुओं के इतिहास, उनकी पृष्ठभूमि और क्षेत्रीय संस्कृति में उनके महत्व के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रं समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत न केवल जिले, बल्कि पूरे प्रदेश की पहचान है, जिसे संरक्षित और प्रोत्साहित किया जाना बहुत जरूरी है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो सकें।

**स्वच्छता अभियान**

पौड़ी गढ़वाल के गोविंद बल्लभ पंत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, घुड़दौड़ी में स्वच्छ परिसर अभियान चलाया गया। इस दौरान परिसर में विभिन्न स्थानों पर सफाई की गई। संस्थान के निदेशक डॉ. वी.के बंगा ने स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभियान न केवल परिसर को स्वच्छ बनाए रखते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व औरं अनुशासन की भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने पर बल दिया।